## खबर संक्षेप

### कल से होगी स्व-गणना की शुरुआत

**विदिशा।** हमारी जनगणना, हमारा विकास थीम के तहत 16 से 30 अप्रैल तक स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके बाद 1 से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं गणना का कार्य किया जाएगा। नागरिक se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर स्वेच्छा से अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। स्व-गणना करने पर एक यूनिक एसई आईडी मिलेगी, जिसे गणनाकर्मी को दिखाना होगा। यदि कोई परिवार स्वयं जानकारी दर्ज नहीं करता, तो गणनाकर्मी घर-घर जाकर विवरण एकत्र करेंगे।

### 577 ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाएं हुईं

**विदिशा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर विदिशा जिले की सभी 577 ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में ग्रामीणों को संविधान, अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया ने बताया कि ग्राम सभाओं में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने शासन की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी दी।

### नरखेड़ा जागीर का 1.972 हेक्टेयर तालाब अतिक्रमण मुक्त

**विदिशा।** सिरोंज अनुविभाग के ग्राम नरखेड़ा जागीर स्थित सर्वे नंबर 168 रखवा अंतर्गत 1.972 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला तालाब प्रशासनिक कार्रवाई से अतिक्रमण मुक्त कराया गया। एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा ने बताया कि 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत यह कार्रवाई की गई। लंबे समय से तालाब पर अवैध कब्जा था, जिससे जल संरक्षण प्रभावित हो रहा था। कार्रवाई से जल स्रोत सुरक्षित हुआ है तथा क्षेत्र में भूजल स्तर सुधार और पर्यावरण संतुलन को बढ़ावा मिलेगा।

### शत-प्रतिशत भागीदारी करने के निर्देश दिए

**विदिशा।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण में 16 से 30 अप्रैल तक मकानसूचीकरण एवं स्व-गणना का कार्य ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को शत-प्रतिशत भागीदारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। विभाग प्रमुखों को समय-सीमा में जानकारी दर्ज कराने तथा नागरिकों को भी स्व-गणना के लिए प्रेरित करने निर्देश दिए गए हैं।

### खड़ी फसल में लगी आग, 25 बीघा खाक

**विदिशा।** बरखेड़ी बुजुर्ग गांव में खड़ी फसल में आग लगने से किसान गोविंद सिंह बघेल को भारी नुकसान हुआ। पड़ोसी किसान द्वारा डीपी की लाइन चालू करवाई गई थी। लाइनमैन मनमोहन कुशवाह ने बताया कि लाइन जोड़ने के आग्रह पर सप्लाई शुरू की गई। अशंका है कि जिससे स्पार्क हुआ और करीब 20 से 25 बीघा फसल जल गई। पटवारी कुलदीप ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

# गर्मी की दस्तक: चार दिन में पारा पहुंच जाएगा 40 के पार, पड़ेंगे गर्म हवा के थपेड़े

## मंगलवार को दोपहर में तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग हुए बेहाल, अस्पतालों में बढ़ने लगे मरीज, लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवायजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जिले में गर्मी ने अचानक तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। मंगलवार को सुबह से ही तेज धूप ने लोगों को परेशान किया, वहीं दोपहर होते-होते गर्म हवाओं ने स्थिति और अधिक गंभीर कर दी।

मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि आगामी चार दिनों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच सकता है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने भी सतर्कता बरतने की सलाह जारी की है।

### शनिवार और रविवार 40 डिग्री के पार होगा तापमान

मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिमी हवाओं के प्रभाव से तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। आने वाले दिनों में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक दर्ज किया जा सकता है। रात के तापमान में भी धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो रही है, जिससे गर्मी का असर देर रात तक महसूस किया जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो अगले सप्ताह से लू चलने की संभावना भी बढ़ जाएगी।



### दोपहर में चली गर्म हवा, बाजारों में सन्नाटा

मंगलवार को दोपहर के समय सड़कों पर आवाजाही कम नजर आई। तेज धूप और गर्म हवा के कारण लोग जरूरी काम से ही घरों से बाहर निकले। बाजारों में दोपहर के समय सामान्य दिनों की अपेक्षा कम भीड़ देखी गई। दिहाड़ी मजदूरों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहिया वाहन चालकों ने सिर और चेहरे को कपड़े से ढककर यात्रा की। गर्मियों में शहर का तापमान हर साल 46 डिग्री तक पहुंच जाता है।

### बचाव ही बेहतर उपाय

स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें। अधिक से अधिक पानी और तरल पदार्थों का सेवन करें। हल्के और सूती कपड़े पहनें तथा सिर को ढककर ही बाहर जाएं। बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने भी संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि लू की स्थिति बनने पर तत्काल राहत और उपचार उपलब्ध कराया जा सके। आने वाले दिनों में गर्मी से राहत की संभावना कम नजर आ रही है, ऐसे में सतर्कता ही बचाव का सबसे बड़ा उपाय है।

### अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या

तेज गर्मी का असर स्वास्थ्य पर भी दिखाई देने लगा है। जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में उल्टी-दस्त, बुखार, डिहाइड्रेशन और सिरदर्द के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। चिकित्सकों का कहना है कि दोपहर के समय धूप में निकलने से शरीर में पानी की कमी तेजी से हो रही है, जिससे लोग बीमार पड़ रहे हैं।

## मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो पहुंचे पीड़ित के टूटे घर में

# टूटी दीवार पर लगाई अगरबत्ती, कहा: किसी ने काम रुकवाया तो दर्ज कराएंगे एफआईआर



विदिशा। इस दौरान वार्ड वाय संघ ने ज्ञापन सौंपकर अपनी बात रखी।



विदिशा। धीरेंद्र के घर की टूटी हुई दीवारों पर मसाला लगाते हुए कानूनगो।

### अस्पताल में वार्ड बॉय का काम करने वालों ने भी सौंपा ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो मंगलवार को विदिशा आए। शाम को वह ईदगाह चौराह स्थित धीरेंद्र चिड़ार के घर पहुंचे। इस घर को 22 मार्च के दिन 10 से 12 बदमाशों ने योजनाबद्ध तरीके से तोड़ दिया था। तभी से परिवार टूटे हुए घर में रह रहा है। प्रियंक कानूनगो ने धीरेंद्र के घर ही अंबेडकर जयंती मनाई। बाबा साहब के चित्र की पूजा अर्चना कर टूटे हुए घर की दीवार पर ही अगरबत्ती लगाई।

उन्होंने पीड़ित धीरेंद्र का हाल जाना और घटना के संबंध में भी जानकारी ली। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना टीआई आनंद राज भी मौके पर पहुंचे। प्रियंक कानूनगो ने स्वयं कन्नी हाथों में लेकर रेत, बजरी और सीमेंट का मसाला दीवार पर रखकर निर्माण के लिए ईंट रखीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि यदि किसी ने भी मकान की मरम्मत का काम रुकवाने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने मैं आऊंगा। उल्लेखनीय है कि 22 मार्च के दिन ईदगाह चौराहे के पास कलेक्ट्रेट और तहसील के नजदीक स्थित इस मकान में 8 से 10 आरोपियों ने घुसकर जमकर उत्पात मचाया था। आरोपियों ने मकान की दीवारें, गेट, टीन शेड और घर में रखा सामान तोड़ दिया था। खनिज विभाग में कार्यरत पीड़ित धीरेंद्र चिड़ार ने आरोप लगाया है कि जमीन विवाद को लेकर कुछ दबंग लंबे समय से उनके मकान पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं।

धीरेंद्र के अनुसार घटना के दिन आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से पहले पति-पत्नी को घर से बाहर बुलाया। इसके बाद मौके का फायदा उठाकर हथौड़ों से मकान पर हमला कर दिया था। इससे पहले कांग्रेस ने भी धीरेंद्र का मकान बनवाने के लिए जनता का समर्थन लेकर राशि एकत्रित कर सौंपी थी।

### बजरंगबली की शरण में पहुंचे एसएटीआई पॉलिटेक्निक के कर्मचारी



**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** वेतन न मिलने के कारण एसएटीआई कर्मचारियों का धरना लगातार नौवें दिन भी जारी रहा। कर्मचारियों से मिलने कांग्रेस कमेटी के सदस्य धरना स्थल पर पहुंचे और हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। धरना स्थल पर सभी कर्मचारियों ने सुंदरकांड पाठ किया। हनुमान जी से गुहार लगाई कि वे प्रबंधन एवं शासन को सद्बुद्धि दें कि 120 कर्मचारी एवं लगभग 850 विद्यार्थियों का भविष्य एवं जीवन अंधकार में होने से बचाएं। उनकी जायज मांगों पर शीघ्र निर्णय लेकर उनकी समस्या का निराकरण करें। कर्मचारियों ने सर्वसमिति से निर्णय लिया कि अब हड़ताल में आगामी सोमवार से संस्था के बाहर किया जाएगा। अन्य संगठनों के समर्थन से चरणबद्ध विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# अभिमन्यु के गोल से चमका वात्सल्य स्कूल, धतूरिया पर साकेत ने दर्ज की बड़ी जीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

■ शानदार प्रदर्शन से खिलाड़ियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

स्टेडियम खेल परिसर में स्वर्गीय प्रोफेसर केसी नायर स्मृति अंतर-विद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता का रोमांच अपने चरम पर है। टूर्नामेंट के 15वें संस्करण के दूसरे दिन खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया।

दिन के पहले मुकाबले में वात्सल्य स्कूल और स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल आमने-सामने थे। बेहद कड़े संघर्षपूर्ण मैच में वात्सल्य स्कूल के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी अभिमन्यु गोयल ने अपनी चपलता दिखाते हुए निर्णायक गोल दागकर टीम को 1-0 से रोमांचक जीत दिलाई। दूसरे लीग मुकाबले में साकेत एमजीएम स्कूल का दबदबा देखने को मिला। एमजीएम साकेत ने शासकीय स्कूल धतूरिया को एकतरफा मुकाबले में 4-0 के बड़े अंतर से मात दी। इस जीत के हीरो मोहित और कार्तिक विश्वकर्मा रहे, जिन्होंने दो-दो शानदार गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित की। प्रतियोगिता में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कोच विश्वनाथ बुंदेला ने रेफरी की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर रविकांत नामदेव, पंकज भार्गव, रविंद्र रघुवंशी और विकाश थापा सहित खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का यह आयोजन स्थानीय खेल प्रतिभाओं को निखारने का एक सशक्त मंच साबित हो रहा है।

# समरसता भोज में सभी वर्गों के लोगों ने एक साथ बैठकर सामाजिक एकता का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर रविन्द्रनाथ ऑडिटोरियम, सांस्कृतिक भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम एवं समरसता भोज का आयोजन किया गया।

विधायक मुकेश टंडन एवं नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा की उपस्थिति भी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। अपने संबोधन में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति गीता कैलाश रघुवंशी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समर्पण और सामाजिक न्याय का प्रतीक है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों को समान अधिकार दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। समरसता भोज में सभी वर्गों के लोगों ने एक साथ बैठकर सहभागिता की और सामाजिक एकता का संदेश दिया। अंत में अतिथियों ने सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन सहित कलेक्टर अंशुल गुप्ता का आभार माना।




विदिशा। योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया।

### किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए कृषि मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**विदिशा।** सहकारिता नेता एवं लोकतंत्र सैनानी संघ के संभागीय अध्यक्ष बाबूलाल ताम्रकार ने रायसेन में आयोजित कृषि मेले के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को किसानों की मूल समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में खरीफ फसल की ड्यू डेट 28 मार्च तथा रबी फसल की 15 जून निर्धारित है, जबकि अधिकांश किसान खरीफ फसल बेचने के बाद ही ऋण चुका पाते हैं। 28 मार्च तक न तो फसल पूरी तरह बिक पाती है और न ही शासकीय खरीदी प्रारंभ हो पाती है, जिससे किसानों को आर्थिक दबाव का सामना करना पड़ता है। साथ ही उद्यानिकी व बागवानी फसलों के लिए मात्र 10 घंटे अनियमित विद्युत आपूर्ति पर भी आपत्ति जताई गई। मंत्री ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

# स्मैक तस्करी के भंडाफोड़ पर एसपी व एडिशनल एसपी का सम्मान किया

## व्यापार महासंघ पदाधिकारियों ने शाल-श्रीफल भेंट कर किया उत्साहवर्धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



शहर में स्मैक तस्करी के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करने पर व्यापार महासंघ ने रोहित काशवानी एवं एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे का सम्मान किया। महासंघ के अध्यक्ष राजेश जैन के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने दोनों अधिकारियों को शाल-श्रीफल भेंट कर उनके सराहनीय कार्य की प्रशंसा की।

महामंत्री नरेंद्र सोनी ने बताया कि पुलिस टीम ने नशा कारोबार की पूरी चैन को पकड़ते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से शहर में फैल रहे नशे पर प्रभावी अंकुश लगेगा। अध्यक्ष राजेश जैन ने कहा कि नशे की वजह से युवा पीढ़ी प्रभावित हो रही थी और अपराधों में वृद्धि हो रही थी। पुलिस की इस कार्रवाई से व्यापारियों, महिलाओं और युवाओं को बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश बाधवानी, उपाध्यक्ष आशीष माहेश्वरी, वरिष्ठ मंत्री जितेंद्र जैन (जीत्तु), संयुक्त मंत्री विवेक शर्मा, कोषाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। व्यापारियों ने शहर की अन्य समस्याओं, विशेषकर डीजे की तेज आवाज पर भी चर्चा की, जिस पर एसपी ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# सम्मेदशिखर के दीक्षा समारोह में शामिल होने विदिशा से 16 को रवाना होंगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



राष्ट्रीय संत मुनिश्री प्रमाणसागर महाराज के सान्निध्य में झारखंड स्थित पवित्र तीर्थ श्री सम्मेद शिखरजी में 18 अप्रैल को आयोजित होने वाले जैनेश्वरी दीक्षा समारोह को लेकर विदिशा सहित विभिन्न राज्यों में उत्साह का वातावरण है।

विदिशा से सैकड़ों श्रद्धालु 16 अप्रैल को भोपाल-धनवाद मार्ग से सम्मेदशिखर के लिए रवाना होंगे। मुनिश्री प्रमाणसागर महाराज विदिशा को अपनी कर्मभूमि मानते हैं। वर्ष 1992 से 2002 तक यहां उनके चातुर्मास एवं ग्रीष्मकालीन प्रवचन हुए। हाल ही में भोपाल से लगभग 1600 किमी का लंबा विहार करते हुए वे 15 अप्रैल सुबह 7:30 बजे मधुवन मोड़ पहुंचेंगे, जहां गुणायतन परिवार एवं सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा उनकी अगवानी की जाएगी। संघस्थ मुनिश्री संधान सागर महाराज का मुनि बनने के 10 वर्ष बाद प्रथम आगमन भी होगा। कार्यक्रम अंतर्गत 16 अप्रैल को मेहंदी, 17 अप्रैल को विनौली यात्रा एवं गोदभराई तथा 18 अप्रैल को मुनि श्री द्वारा जैनेश्वरी दीक्षा प्रदान की जाएगी।

## भीमराव आंबेडकर के जीवन, संघर्ष और विचारों पर डाला प्रकाश

# सामाजिक समानता विषय पर आयोजित की संगोष्ठी

### बाबा साहेब ने जाति भेद और सामाजिक असमानता के विरुद्ध संघर्ष किया: सिलाकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

भारत के महान समाज सुधारक एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर बरईपुरा स्थित राजीव गांधी स्मृति शिक्षण संस्थान में जिला कांग्रेस के निर्देशन में नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा बाबा साहेब और सामाजिक समानता विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठजनों द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समानता और अधिकारों की प्राप्ति का प्रतीक है।



विदिशा। राजीव गांधी स्मृति शिक्षण संस्थान में आयोजित किया गया कार्यक्रम।

पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कमल सिलाकारी ने कहा कि बाबा साहेब ने जाति-भेद और सामाजिक असमानता के विरुद्ध संघर्ष कर संविधान के माध्यम से सभी नागरिकों को समान अधिकार दिलाए। वरिष्ठ नेता बसंत जैन ने युवाओं से शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बनाने का आह्वान किया। वरिष्ठ नेत्री अनुमा आचार्य एवं महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका किरार ने कहा कि बाबा साहेब दलित, पिछड़े और अंतिम पंक्ति के लोगों के लिए मसीहा के रूप में सदैव याद किए जाएंगे। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ने उन्हें महान समाज सुधारक, अर्थशास्त्री और संविधान के मुख्य शिल्पकार बताया। प्रदेश कांग्रेस सचिव आनंद प्रताप सिंह एवं अन्य वक्ताओं ने समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के उनके संदेश को अपनाने पर बल दिया। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पराली न जलाने ग्रामीणों को किया जागरुक



गंजबासौदा। ग्राम पंचायत फूफैर की सरपंच राजकुमारी प्रवीण सिंह राजपूत, रमेश कुमार शिल्पकार एवं अन्य जागरूक किसानों द्वारा अपने खेत की पराली को प्लाऊ एवं रोटावेटर द्वारा जमीन के अंदर करवाया गया। जिससे कि उसका खाद बन सके और लोगों को एक संदेश दिया कि कोई अपने खेत की पराली में आग ना लगाएं, जमीन में बहुत से जीवाणु रहते हैं जो कि हमारे जमीन के लिए बहुत जरूरी है, जो पराली जलाने से नष्ट हो जाते हैं दूसरी ओर मिट्टी भी आग से कठोर हो जाती है एवं पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। इस मौके पर तेज प्रताप सिंह, रामपाल राजपूत, सौरभ कुशवाहा, राजेंद्र कुशवाहा सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे। सेवानिवृत्त शिक्षक रमेश कुमार शिल्पकार ने बताया कि वे कभी भी नरवाई में आग नहीं लगाते हैं और हर बार भूसा बनवाने के बाद खेत को बखरकर नरवाई मिट्टी में मिलवा देते हैं। साथ ही अन्य किसानों को भी आग न लगाकर नरवाई का इसी तरह प्रबंधन करने की सलाह देते हैं। इससे खेत में जैविक खाद भी निर्मित हो जाती है। उधर दूसरी ओर कई किसान प्रतिबंध के बावजूद एवं भूमि को होने वाले नुकसान को नजरअंदाज करते हुए नरवाई में लगातार आग लगा रहे हैं। इन किसानों का दावा है कि मूंग की बोवनी करना है और सोयाबीन की बोवनी तक नरवाई पूरी तरह पचती नहीं है, इसलिए खेतों को साफ करने के लिए नरवाई में आग लगाना ही सबसे अच्छा विकल्प रहता है। इसलिए अगली फसल की तैयारी के लिए आग लगाना मजबूरी है।

### नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई वाहन रैली

# उत्साह से मनाई संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को नगर में संविधान निर्माता डॉ. भीमराब आंबेडकर की जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न राजनैतिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा माल्यार्पण किया गया। वहीं विद्यालयों में भी डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135 वीं जयंती उत्साह से मनाई गई। इस अवसर पर नगर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें एक वाहन रैली भी निकाली गई।

जयंती समारोह की शुरुआत नगर के आंबेडकर चौराहे पर स्थित बाबा साहब डॉ.भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। समाज के सदस्यों के साथ-साथ विभिन्न राजनैतिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। माल्यार्पण के पश्चात मध्य प्रदेश आजक्स संघ द्वारा एक वाहन रैली का आयोजन किया गया। यह रैली आंबेडकर चौक से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों, रेलवे स्टेशन रोड, बरेठ रोड और बस स्टैंड क्षेत्र से होते हुए आंबेडकर भवन तक पहुंची। आंबेडकर भवन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जहां डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन और उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। समाज के सदस्य मनोज कुमार ने बताया कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। उनकी जयंती को भारतीय संविधान के निर्माता के सम्मान में 'समानता दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, पूर्व जनपद अध्यक्ष अंजली मनोज यादव, रीतादेवी भावसार, राजेश तिवारी, सोनू बड़कुल, सरिता जैन, सरिता रघुवंशी सहित महिला मोर्चा की महिला शक्ति सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण मौजूद थे। वहीं कांग्रेस से पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन, विकास शर्मा, राजेश माहेश्वरी, बीडी शर्मा, अदनान भाई, जगदीश व्यास सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।










वहीं नवांकुर विद्यापीठ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में बाबा साहब की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर बाबा साहब को स्मरण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की गई। गायन दल द्वारा वंदे मातरम गीत प्रस्तुत किया गया। स्वयंसेवक सत्यम शर्मा ने अपनी प्रस्तुति में बाबा साहब के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी अभिषेक मिश्रा ने बाबा साहब डॉ आंबेडकर के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं के बारे में बताकर उनसे सीख लेने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संदीप रावत ने। की, जबकि संचालन निखिल मीणा ने किया। वहीं संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर की जन्म जयंती पर ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम जनपद पंचायत के आजीविका भवन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, एसडीएम अनुभा जैन, जनपद सीईओ तपस्या जैन मुख्य रुप से मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मी वाल्मीकि समाज के बंधुओ को जनपद द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं स्व सहायता समूह की बहनें एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

# स्टेशन क्षेत्र शराब की दुकान हटाने पंद्रहवे दिन धरना जारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के रेलवे स्टेशन के पास एवं श्री राम जानकी मंदिर के सामने संचालित शराब की दुकान को हटाने की मांग को लेकर 15 दिनों से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। धरना दे रहे युवाओं ने बताया कि रेलवे स्टेशन के समीप एवं श्री राम जानकी मंदिर तथा समीपस्थ शिव मंदिर के पास संचालित शराब दुकान के कारण आम नागरिकों, यात्रियों, महिलाओं, बच्चों, विद्यार्थियों एवं श्रद्धालुओं को निरंतर असुविधा एवं असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। यह क्षेत्र अत्यंत संवेदनशील एवं अत्यधिक व्यस्त है, जहाँ प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है। उक्त स्थान के आसपास बैंक, शैक्षणिक संस्थान एवं अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक संस्थान स्थित हैं। शराब दुकान के कारण यहाँ असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बना रहता है, जिससे नशे की स्थिति में झगड़े, गाली-गलौच एवं अव्यवस्था जैसी घटनाएं सामान्य हो गई हैं।

शराब दुकान की उपस्थिति से धार्मिक स्थलों की गरिमा प्रभावित हो रही है तथा कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। विशेष रूप से महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा की दृष्टि से यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। धरना दे रहे युवाओं का कहना है कि जब तक उक्त शराब दुकान को वर्तमान स्थान से नहीं हटाया जाता, तब तक धरना जारी रहेगा। शराब दुकान हटाने को लेकर दिए जा रहे धरना में विभिन्न सामाजिक, राजनैतिक संगठन पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर शराब दुकान हटाने के लिए अपना पक्ष रख रहे हैं।

# नाबालिग बालिका को मुंबई से खोजकर पुलिस ने परिजनों को सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत शहर थाना पुलिस ने सफलता प्राप्त करते हुए नाबालिग बालिका को मुंबई से सकुशल दस्तयाब किया है। शहर थाना पुलिस द्वारा विशेष टीम गठित कर प्रभावी कार्रवाई की गई। 6 अप्रैल को फरियादी द्वारा अपनी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिस पर पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया था। प्रकरण में गठित पुलिस टीम द्वारा सतत पतारसी एवं तकनीकी, भौतिक साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर नाबालिग बालिका को महाराष्ट्र से दस्तयाब किया गया। तत्पश्चात बालिका के न्यायालय में कथन कराकर परिजनों के सुपुर्द किया गया। उक्त सराहनीय कार्रवाई में शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया, राधेश्याम यादव, शिवम परिहार, अखिलेश राजावत, शिवानी मिश्रा की विशेष भूमिका रही। पुलिस ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी भी गुमशुदगी की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या डायल 112 पर दें, जिससे समय रहते त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### मच्छरों से नगरवासी परेशान

गंजबासौदा। जैसे जैसे गर्मी का प्रकोप तेज होता जा रहा है वैसे ही नगर में मच्छरों का प्रकोप तेज होता जा रहा है। जिसके चलते नगर के पाराशरी नदी किनारे के वार्डों की रहवासी तथा निचली बस्तियों में मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। यहां के रहवासियों ने बताया कि शाम होते ही उन्हे अपने अपने घरों के मुख्य दरवाजे, खिड़कियां बंद करना पड़ते है। मच्छरों के चलते खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने नगरपालिका से नगर के सभी वार्डों एवं मुख्य मार्ग, गलियों में कीटनाशक एवं मच्छर मार दवा एवं धुंए का छिड़काव कराए जाने की मांग की है। जिससे मच्छरों के प्रकोप से कुछ हद तक राहत मिल सके।

# एक करोड़ से बनेंगे 9 आंगनबाड़ी भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विधायक हरिसिंह रघुवंशी के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 9 आंगनवाड़ी केंद्र भवनों की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जो एक करोड़ रुपए की अधिक लागत से बनाऐ जाएंगे। जिनका नई शिक्षा नीति 2020 एवं सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण किया जाएगा।

प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र लगभग 12 लाख रुपए की लागत से बनाया जाएगा। यह नौ नवीन आंगनबाड़ी केंद्र भवन गंजबासौदा के वार्ड क्रमांक 7, ग्राम पुआरिया हैदरगढ़, वैदकचौडा, धर्मपुर चक्क ग्यारसपुर, हैदरगढ़ -3, दासीपुर, रहमानपुर, औलिंजा, मढिया खुर्द में निर्माण किए जाएंगे। विधायक ने बताया कि स्वस्थ और खुशहाल बचपन ही विकसित भारत का निर्माण कर पाएगा। जिसके लिए भाजपा सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। इसी श्रृंखला में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं प्रधानमंत्री शक्ति पोषण 2.0 और सक्षम आंगनवाड़ी के अंतर्गत नौ नवीन आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का निर्माण किया जाएगा। जिसमें नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों को शासकीय प्राथमिक शालाओं से जोड़कर प्रारंभिक शिक्षा की शुरुआत की जा रही है। जिसे और अधिक बच्चों को अनुकूलित आधुनिक और सर्व सुविधा युक्त बनाने के लिए इन भवनों का निर्माण किया जाएगा। जिसमें आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र के अंतर्गत बच्चों के अनुकूलित शैक्षिक दीवार पेंटिंग, स्वच्छ पेयजल बच्चों के अनुरूप शौचालय, रसोई घर, खेल परिसर और आकर्षक बाउंड्री वॉल आदि का निर्माण किया जाएगा। आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र होने के पश्चात महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में प्रारंभिक शिक्षा के लिए एलईडी टीवी की भी व्यवस्था कराई जाएगी। जिससे बच्चों को दृश्य एवं श्रवण प्रारंभिक शिक्षा का ज्ञान दिया जाएगा। जिसको लेकर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और विधायक हरिसिंह रघुवंशी का आभार व्यक्त किया।

# संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती पर निकली रैली, हुए कार्यक्रम





गंजबासौदा। संत शिरोमणी सेन महाराज श्रंगार दर्शन समिति द्वारा संत शिरोमणी सेन महाराज के 726 ने जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया। वहीं सेन समाज एवं विकास संगठन एवं मंदिर समिति द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि के रुप में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, नगरपालिका सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

सेन महाराज जयंती पर निकली रैली स्टेशन हनुमान मन्दिर से प्रारंभ हुई। इसके बाद समिति द्वारा सुभाष चौक, नेहरू चौक, अम्बेडकर चौक, जय स्तभं चौक, हनुमान चौक, सावरकर चौक, गांधी चौक पर भगवान की पूजन एवं सभी महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। रैली सिरोंज चौराहा, तिरंगा चौक, महाराणा प्रताप चौक से होते हुये सेन महाराज चौक पहुंची, जहां उसका समापन हुआ। इस दौरान सेन महाराज चौक पर पहुंचकर भव्य श्रृंगार दर्शन का कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव, विशेष अतिथि विश्व हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष मुकेश सेन, सेन श्रंगार दर्शन समिति के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रहास सेन, कैलाश सेन, बृजमोहन सेन की मौजूदगी में 11 वां श्रंगार दर्शन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। रैली के दौरान कैलाश सेन, सेवकराम सेन, मनीष सेन, गौरेलाल सेन, पुष्पेन्द्र सेन, मनोज सेन, विजय सेन, हरिशंकर सेन, गोलू सेन, सुनील सेन, शिवराज सेन, प्रमोद सेन का विशेष सहयोग रहा। उधर सेन समाज विकास संगठन के कार्यक्रम में विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने सेन समाज का मुख्य द्वार बरेठ रोड पर बनवाने, कर्पूरी ठाकुर जी के नाम से चौराहा बनवाने, सेन समाज धर्मशाला भूमि का नामांतरण एवं निर्माण के लिए विधायक निधि से 7 लाख रूपए की सहायता देने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन सुरजीत सेन ने किया और आभार समिति अध्यक्ष शिवनारायण सेन ने व्यक्त किया। इस अवसर पर बडी संख्या में सेन समाज के लोग मौजूद रहे।

### वंदे मातरम् गायन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150 वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित







हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विकासखंड स्तरीय अंतर विद्यालय वंदे मातरम गायन प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती, भारत माता एवं डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र के समक्ष अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, राजेश तिवारी, बृजेंद्र सिंह रघुवंशी बीआरसी, एमसी शर्मा प्राचार्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक नृपेन्द्र सिंह ठाकुर, भावना विश्वकर्मा, दीपक शर्मा रहे।

प्रतियोगिता में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, डॉल्फिन स्कूल, नवांकुर विद्यापीठ एवं वात्सल्य पब्लिक स्कूल के प्रतिभागियों ने सहभागिता की। गायन प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में नवांकुर विद्यापीठ मानसी शर्मा, शानवी भार्गव, राखी कुशवाहा, तेजस्वी रघुवंशी, परिधि कुशवाहा, अवनी शर्मा, स्नेहा गौर, देवांश माथुर के समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं सीनियर वर्ग में डॉल्फिन स्कूल की पूर्णिमा ओझा, प्रज्ञा बिसोरिया, अन्वीक्षा श्रीवास्तव, यशवर्धन जैन, आराध्या भार्गव के समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती समारोह के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता में निबंध में कनिका कुशवाहा डॉल्फिन स्कूल एवं चित्रकला में किरण प्रजापति शाउवि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी दिनेश ओझा ने किया एवं आभार एनसीसी ऑफिसर अनिल दुबे ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के संजय चौबे द्वारा भारत की जनगणना पर स्वरचित गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग प्रशांत श्रीवास्तव, भारती पंथी, पंकज दुबे, सचिन खापरे, आलोक नायक, लख्मीचंद साहू ,अश्विनी मिश्रा, प्रशांत साहू, शिवा मीणा, निकिता विश्वकर्मा, राधिका राजपूत, मोहिनी राय, अनमोल आदि का रहा।

### चोर ने पेटी से निकाले 7 हजार रुपए

गंजबासौदा। नगर के मिल रोड पर गत दिवस एक किराना दुकान में चोरी की वारदात हो गई। गैस एजेंसी के पास स्थित दुकान से एक युवक ने 7000 रुपए नकद चुरा लिए। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर अब पुलिस चोर की तलाश कर रही है। दुकान मालिक मनोज विश्वकर्मा ने बताया कि सुबह दुकान खोलने के बाद वे किसी काम से घर के अंदर चले गए थे। दुकान और घर में होने के कारण काउंटर पर उस वक्त कोई नहीं था। इसी का फायदा उठाकर एक युवक वहां पहुंचा और पेटी में हाथ डालकर रुपए निकाल लिए। जब मनोज वापस लौटे और ग्राहकों को सामान देने के लिए गल्ला खोला, तब उन्हें चोरी का पता चला, इसके बाद सीसीटीवी फुटेज चेक किए। फुटेज में साफ दिख रहा है कि एक युवक चुपके से दुकान के पास आता है और मौका पाकर गल्ले से पैसे निकालकर रफूचक्कर हो जाता है। पीड़ित ने इस मामले की शिकायत शहर थाने में दर्ज करा दी है। पुलिस जांच में जुट गई है।

# युवा कांग्रेस का अनिश्चितकालीन न्याय सत्याग्रह प्रारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को कृषि उपज मंडी के बाहर भारतीय युवा कांग्रेस के नेतृत्व में किसानों के हक और अधिकारों की रक्षा के लिए अनिश्चितकालीन न्याय सत्याग्रह का शुभारंभ किया गया। इस आंदोलन के माध्यम से युवा कांग्रेस ने केंद्र और राज्य सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। युवा कांग्रेस ने हाल ही में भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील को भारतीय कृषि और किसानों के लिए घातक बताते हुए इसके विरोध में अपना कड़ा रुख स्पष्ट किया है।

जिले के उपार्जन केंद्रों पर किसानों को हो रही भारी असुविधाओं, विशेष रूप से 'बारदाने' की कमी के चलते फसल बेचने में आ रही समस्याओं को लेकर सरकार को घेरा गया है। युवा कांग्रेस ने संकल्प लिया है कि वह मंडी में किसानों को तौल और भुगतान में आ रही दिक्कतों का मुद्दा आगामी दिनों में सड़क से लेकर सदन तक उठाएंगे। युवा कांग्रेस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया, तो यह आंदोलन 'अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल' का रूप ले लेगा। संगठन के कार्यकर्ता अब सीधे उपार्जन केंद्रों पर जाकर जमीनी हकीकत की जांच करेंगे और तौल में हो रही धांधली को जनता के सामने उजागर करेंगे। सत्याग्रह के दौरान युवा कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भोपाल संभाग प्रभारी गीता कड़वे, जिला अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर राजेश माहेश्वरी, संतोष शर्मा, पंकज एलिया, सुधीर उपाध्याय, योगेन्द्र रघुवंशी, बीडी शर्मा, पृथ्वी रघुवंशी, बंटी गुर्जर, रवि यादव, राघवेंद्र शर्मा, अतीक मंसूरी, सौरभ, लकी दीक्षित, अमित राजावत, सुमित पाल, अभिषेक करसोरिया, सोमेश तिवारी, जाविद ख़ान, नीरज यादव, कपिल रघुवंशी, सत्यम बाजपेयी, कपिल यादव, शारुख ख़ान, आकाश मीणा, जतिन, रोहित, ओम रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मप्र अजा/जजा अधिकारी-कर्मचारी संघ ने निकाला चल समारोह

# 'बाबा साहब ने अपना जीवन शोषित व वंचितों के लिए कर दिया था समर्पित'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज






संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती पर जगह-जगह कार्यक्रम हुए। भाजपा,कांग्रेस सहित अन्य राजनैतिक दलों के साथ विभिन्न संगठनों ने भी बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर के योगदान पर चर्चा की। नगर के पुराना बस स्टेंड पर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के लिए प्रातः से ही लोगों की भीड़ लगी रही। इस दौरान विभिन्न संगठनों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेश यादव ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने संपूर्ण जीवन शोषित वंचित समाज के लिए न्यौछावर कर दिया। संविधान निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिसमें उन्होंने दलित शोषित वर्ग को पूर्ण अधिकार दिलाया। नगर अध्यक्ष सैफू गौरी ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद डॉ.अंबेड़कर ने जो मुकाम हासिल किया। वह सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। हमें अपने जीवन में उनके आदर्शो को उतारकर उनका अनुशरण करना चाहिए।

मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति/जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ के तत्वाधान में बाबा साहेब की जयंती पर नगर में भव्य चल समारोह निकाला गया। इस अवसर पर चल समारोह में नगर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों बडी संख्या में नागरिक शामिल हुए। चल समारोह नगर पालिका कार्यालय के पास से प्रारंभ होकर नगर के हाजीपुर,लिंक रोड,छत्रीनाका चौराहा,कस्टम पथ,कठाली बाजार,सराफा बाजार,कपड़ा बाजार,सिनेमा चौराहा,कोर्ट गेट होते हुए पुराना बस स्टेण्ड पहुचा जहा जनसभा का आयोजन किया गया। वही वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन और विचारों पर प्रेरक उद्बोधन दिए। पूरे नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर जुलूस का स्वागत किया गया। जुलूस में शामिल युवाओं ने लाठी, बरैठी और चक्र जैसे अस्त्र-शस्त्रों का प्रदर्शन करते हुए अखाड़े दिखाए। जुलूस में सबसे पीछे बाबा साहेब का चित्र रखा रथ और उनकी झांकी विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। इस मौके पर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर नगर पालिका परिषद द्वारा शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू,भाजपा के वरिष्ठ नेता तोषमणी पंथी कन्ना द्वारा नगर पालिका के सामने शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

# शीतल, संजय, सलोनी ने प्रतियोगिता में मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में मध्य प्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशों के परिपालन में महाविद्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत जागरूकता आधारित विभिन्न साहित्यिक एवं रूपांकन प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें जल के महत्व से अवगत कराना था। कार्यक्रम के प्रारंभ में नोडल अधिकारी डॉ कल्पना पंचोली ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर एस आर तिवारी के द्वारा वर्षा जल संचयन, जल का सीमित और समुचित उपयोग आदि पर विचार प्रस्तुत किए गए।

उक्त कार्यक्रम में ह्यजल संरक्षण एवं संवर्धनह्ण जैसे महत्त्वपूर्ण विषय पर स्लोगन लेखन, पोस्टर निर्माण, निबंध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने विचारों के माध्यम से जल संरक्षण के महत्व, जल संकट की समस्या तथा उसके समाधान पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों का मूल्यांकन उनकी अभिव्यक्ति, विषयवस्तु तथा प्रस्तुति शैली के आधार पर किया गया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। वही स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शीतल कुशवाह, द्वितीय स्थान स्वाति साहू एवं तृतीय स्थान निधि साहू ने प्राप्त किया। पोस्टर निर्माण में प्रथम स्थान संजय कुशवाह ने, द्वितीय स्थान शीतल कुशवाह ने एवं तृतीय स्थान अंजलि रजक ने प्राप्त किया। निबंध लेखन में प्रथम स्थान शीतल कुशवाह, द्वितीय स्थान उमा पाल एवं तृतीय स्थान मोनिका साहू ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सलोनी धाकड़, द्वितीय स्थान आस्था शर्मा एवं तृतीय स्थान निधि साहू ने पाया।



## अक्षान्स देशांतर गड़ना के अनुसार शिव पंचांग का वितरण किया

**सिरोंज।** नगर के छत्री नाका चौराहा हनुमान मंदिर पर अक्षान्स देशांतर गड़ना के अनुसार शिव पंचांग का वितरण पं मनोज व्यास विदिशा द्वारा किया गया। इस मौके पर पं पूर्णानंद चतुर्वेदी,पं महेश शर्मा,पं जगदीश शर्मा,ओमप्रकाश शर्मा,पं संतोष शर्मा,पं गिरजेश आचार्य,पं नरेंद्र शर्मा,पं दीपक व्यास,पं हरिनारायण शर्मा,पं नरेश शर्मा,पं रामगोपाल शर्मा सहित अन्य ब्राह्मण उपस्थित रहे।

# इकलोद समिति प्रबंधक को हटाने किसानों का ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

क्षेत्र के इकलोद सोसायटी के किसानों ने मंगलवार को अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें किसानो ने प्रमुख रूप से केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) की राशि निकालने में आ रही दिक्कतों और नरवाई में आगजनी के मामलों में हो रही गलत कार्रवाई पर एसडीएम से जिम्मेदार कर्मचारियो पर कार्यवाही की मांग की। वही किसानों ने आरोप लगाया कि इकलोद समिति प्रबंधक द्वारा केसीसी की राशि समय पर उपलब्ध नहीं कराई जा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।


अभी तक फसल बिक्री नहीं हुई इसके कारण बाजार से कर्ज़ लेकर बैंक भरी है लेकिन प्रबंधक द्वारा केसीसी राशि देने में भेदभाव किया जा रहा है। प्रबन्धक द्वारा ब्याज पर कुछ किसानों को निजी पैसे देकर उनकी बैंक भरवाई गई है जिसके चलते प्रबंधक पहले अपने दिए हुए कर्ज़ वाले किसानों का पैसा निकाल रहे है जबकि जिन किसानों ने बाजार से कर्ज़ लेकर बैंक भरी है उनकी केसीसी नहीं निकाल रही।

जिससे किसानों पर साहूकारों का ब्याज बढ़ रहा है। ऐसे में किसानों ने भेदभाव करने वाले लापरवाह प्रबंधक को तत्काल हटाने की मांग की। ताकि किसानों को राहत मिल सके। किसानों ने नरवाई में आग लगने की घटनाओं को लेकर प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई पर भी आपत्ति जताई। उनका कहना है कि कई मामलों में बिना उचित जांच के ही किसानों को दोषी ठहरा दिया जाता है, जबकि कई बार आग लगने के पीछे प्राकृतिक या अन्य कारण भी हो सकते हैं। किसानों ने एसडीएम से मांग कि नरवाई आगजनी के मामलों में निष्पक्ष जांच कराई जाए।

बिना पर्याप्त प्रमाण के किसानों पर कठोर कार्रवाई न की जाए। वही किसानो ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया। किसान उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# भाजपा प्रशिक्षण शिविर में वैचारिक व संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के आव्हान पर मंडल एवं बूथ केंद्रों के कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यशैली एवं दक्षता प्रशिक्षित करने के उद्देश्य आयोजित हो रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की श्रृंखला में नगर मंडल सिरोंज के वर्ग का शुभारंभ हुआ। मंगलवार शाम उमाश्री गार्डन में प्रारंभ हुए प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन एवं पार्टी के गीत गायन कर किया गया। तथा राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन किया गया। इसके पूर्व संगठन द्वारा लगाए गए पंजीयन काउंटर पर अपेक्षित कार्यकर्ताओं एवं प्रशिक्षणार्थियों का तिलक लगाकर पंजीयन कर प्रवेश दिया गया। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में दिनेश सोनी उपस्थित रहे। उन्होंने वैचारिक अधिष्ठान पर अपना विषय रखते हुए भाजपा के एकात्म मानव दर्शन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, पंच निष्ठा, ह्लभारत माता की जयह्व के मूल उद्घोष तथा अंत्योदय से विकसित भारत की संकल्पना पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की विचारधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का आह्वान किया, द्वितीय सत्र में विनोद जैन द्वारा कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने भाजपा संगठन की कार्यपद्धति विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।

प्रशिक्षण से पूर्व विधायक ने ली व्यवस्था संबंधी बैठक - प्रशिक्षण कार्यक्रम के पूर्व नगर मंडल के पदाधिकारियों एवं वर्ग संचालन टोली के कार्यकर्ताओं के साथ विधायक उमाकांत शर्मा ने वर्ग कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान वर्ग की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ता पंजीयन, आवास, भोजन,मंच तैयारी आदि अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रमेश यादव,हरिबाबू भार्गव, पारस तारण,संजू सोनी,शिवकुमार भार्गव,सचिन शर्मा, रिंकू यादव कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गुरुद्वारे में अखंड पाठ का हुआ समापन



**विदिशा।** वैसाखी पर्व पर गुरुद्वारे में सिख समाज के महिला-पुरुषों ने पहुंचकर अरदास की। एक दिन से चल रहे अखंड पाठ साहब का समापन विशेष अरदास के साथ हुआ, तत्पश्चात निशान साहब की सेवा एवं लंगर आयोजित हुआ। समाजजनों ने बताया कि पंजाब में इसी दिन फसल कटाई आरंभ और खालसा पंथ की स्थापना हुई थी।

## मेडिकल कॉलेज में मनाई आंबेडकर जयंती

**विदिशा।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मेडिकल कॉलेज में कार्यक्रम हुआ। डीन डॉ. मनीष निगम, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अविनाश लाघवे सहित सभी विभागों के वरिष्ठ चिकित्सक, एसआर, जेआर, एमबीबीएस एवं पीजी छात्र उपस्थित रहे। जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. विमल मेहरा ने बताया कि सुबह 9 बजे से रंगोली, पोस्टर, स्लोगन, स्किट व कविता पाठ प्रतियोगिताएं हुईं। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अंत में संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर शपथ दिलाई गई और बाबा साहब के विचारों पर चलने का संकल्प लिया गया।

## अजाक्स संघ ने मनाई बाबा साहब आंबेडकर की 135वीं जयंती



**विदिशा।** भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की 135वीं जन्म जयंती के अवसर पर मप्र अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी-कर्मचारी संघ (अजाक्स) द्वारा अहमदपुर चौराह स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष एल.आर. अहिरवार ने किया। इस अवसर पर विदिशा विधायक मुकेश टंडन विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। जिलाध्यक्ष अहिरवार ने अपने संबोधन में शिक्षा को समाज उत्थान का एकमात्र प्रभावी माध्यम बताया। कार्यक्रम में मोहन मांडरे, प्रेम सिंह अहिरवार, राजेश अहिरवार, प्रदीप अहिरवार, हुकुम सिंह सूर्यवंशी, सतीश कुचेरिया, दातार सिंह खंगार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी एवं समाजजन उपस्थित रहे। संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने भी सहभागिता कर बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# मुंगवारा की आंगनबाड़ी बनी मिसाल पोषण वाटिका से बच्चों और माताओं को मिल रहा ताज़ा आहार



■ बगिया में बच्चों के लिए उगाई गई कई प्रकार की सब्जियां।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

परियोजना अंतर्गत ग्राम मुंगवारा की आंगनवाड़ी केंद्र ने पोषण के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

यहां तैयार की गई पोषण वाटिका न सिर्फ बच्चों के लिए ताज़ा और पौष्टिक आहार उपलब्ध करा रही है, बल्कि गर्भवती और धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य सुधार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।शासन द्वारा जल संरक्षण एवं पोषण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 61 आंगनबाड़ी केंद्रों में राशि उपलब्ध कराई गई थी। इसी क्रम में मुंगवारा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शमशादवी खान ने अपनी मेहनत और लगन से 12×24 फीट क्षेत्र में एक सुंदर और समृद्ध पोषण वाटिका विकसित की है।

इस वाटिका में भटा (बैंगन), टमाटर, हरी मिर्च, धनिया, प्याज, लहसुन सहित विभिन्न प्रकार की हरी सब्जियां उगाई जा रही हैं। खास बात यह है कि पूरी वाटिका जैविक पद्धति से तैयार की गई है,जिसमें किसी भी प्रकार के रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग नहीं किया गया, बल्कि जैविक खाद के माध्यम से फसलों को पोषित किया गया है। आज यह वाटिका हरी-भरी होकर लहलहा रही है और यहां से प्राप्त ताज़ी सब्जियां सीधे आंगनबाड़ी के बच्चों और आने वाली महिलाओं के भोजन में शामिल की जा रही हैं। इससे बच्चों को शुद्ध, ताज़ा और पोषणयुक्त आहार मिल रहा है, जो उनके शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक है।

आंगनबाड़ी केंद्र में कुल 55 बच्चे दर्ज हैं, जिनमें से 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के 29 बच्चे हैं और वर्तमान में 18 बच्चे नियमित रूप से केंद्र आ रहे हैं। इन बच्चों को पोषण वाटिका से मिलने वाली हरी सब्जियों का सीधा लाभ मिल रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शमशादवी खान का कहना है कि हमने इस बगिया को तैयार करने में काफी मेहनत की है। आज उसी मेहनत का परिणाम है कि हमारी पोषण वाटिका फल-फूल रही है और इससे मिलने वाली सब्जियां बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बना रही हैं।

# मोक्ष और मानसिक शांति का मार्ग आत्मा में केंद्रित होकर ही संभव: सुमतप्रकाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शीतलनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में 11 से 16 अप्रैल तक आयोजित जिन अवगाहन शिविर में देश के प्रख्यात विद्वान पं. सुमतप्रकाश द्वारा *समयसार* पर आध्यात्मिक प्रवचन दिए जा रहे हैं। प्रवक्ता डॉ. मक्खनलाल जैन ने बताया कि प्रवचन में भविष्य की चिंता और निरर्थक कर्मों पर प्रकाश डाला गया।

पं. सुमतप्रकाश ने कहा कि मनुष्य अक्सर भविष्य की चिंता में अनावश्यक और कभी-कभी अनर्थकारी कार्यों में उलझ जाता है। निरर्थक वह है जिसका कोई उद्देश्य नहीं, जबकि अनर्थक वह है जो हानि पहुँचाए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि बिना कारण किसी को अपशब्द कहना आत्मिक शांति को नष्ट करता है।

उन्होंने रिश्तों में संवाद की सार्थकता पर जोर देते हुए कहा कि अनावश्यक मोबाइल वार्तालाप और दिखावटी अपेक्षाएं तनाव बढ़ाती हैं। चिंता और कल्पना हमारी ऊर्जा को क्षीण करती हैं, जबकि आत्मा स्वभाव से चिंतामुक्त और निर्दोष है। उन्होंने आत्मचिंतन, सकारात्मक दृष्टिकोण और समाधि पर ध्यान केंद्रित करने का संदेश दिया। बड़ा जैन मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष मलूकचंद जैन ने अधिकाधिक धर्मलाभ लेने की अपील की।

### आईएपी एवं आईएमए की संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने दी चेतावनी

# बढ़ता वजन व मोटापा सेहत के लिए अभिशाप: डॉ. जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



इंडियन अकैडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन विदिशा द्वारा मगधम ग्रैंड रिसोर्ट में मोटापा एक अभिशाप विषय पर सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम एवं जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में भोपाल के ख्यातिनाम उदर रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष जैन ने कहा कि मोटापा शरीर में अत्यधिक वसा जमा होने की स्थिति है, जो शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी दुष्प्रभाव डालता है। यह टाइप-2 मधुमेह, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, स्ट्रोक, फैटी लिवर, स्लीप एप्निया, स्तन, लिवर व कोलन कैंसर तथा ऑस्टियोआर्थराइटिस जैसी गंभीर बीमारियों को आमंत्रित करता है। डॉ. जैन ने बताया कि कमर का नाप व्यक्ति की लंबाई के आधे से कम होना चाहिए। पुरुषों में 38 इंच और महिलाओं में 35 इंच से अधिक कमर मोटापे का संकेत है। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष सिंह ने कहा कि बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) 18.5 से 24.9 सामान्य, 25 से 29.9 अधिक वजन तथा 30 से ऊपर मोटापा माना जाता है। आईएपी अध्यक्ष एवं आईएमए के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एमके जैन ने बताया कि मोटापा महामारी का रूप ले चुका है। जागरूकता के लिए प्रतिवर्ष 4 मार्च को विश्व मोटापा दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष 'एक्ट नाउ' थीम के अनुरूप त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है।

गुर्दा रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय गुप्ता ने निष्क्रिय जीवनशैली, जंक फूड, तनाव और अपर्याप्त नींद को प्रमुख कारण बताया। डॉ. ऐश्वर्य मोदी ने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, जीवनशैली में सुधार तथा आवश्यकता अनुसार सीमाग्लूटाइड दवा या बेरियाटिक सर्जरी को उपचार विकल्प बताया। कार्यक्रम में का संचालन डॉ. राजीव जैन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. राहुल जैन ने किया।

# रविदास धाम में धूमधाम से मनाई आंबेडकर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर



मंगलवार को ग्यारसपुर स्थित में भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक जागरूकता से ओत-प्रोत नजर आया। विचार गोष्ठी में गूंजे समता और अधिकार के स्वरकार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा रचित भारतीय संविधान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने समाज में समरसता, एकता, समानता, नागरिक अधिकार और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन हर वर्ग के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। बड़ी संख्या में शामिल हुए लोगकार्यक्रम में मुकेश सोनी, महाराज सिंह सूर्यवंशी, बाबूलाल कुशवाह, तीरथ सिंह अहिरवार, गोपाल अहिरवार, बीआरसी ज्ञान सिंह अहिरवार, दंगल सिंह अहिरवार, भागवत लोधी सहित ग्यारसपुर तहसील के अनुसूचित जाति-जनजाति के कई पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## ना पर्याप्त स्टाफ, न जरूरत के हिसाब से मशीनें, इसीलिए सैंपल जांच में सिस्टम हो रहा फेल

# जिला अस्पताल की लैब पर बढ़ा टेस्टिंग का बोझ, जांच के लिए पहुंच रहे हजारों सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला अस्पताल की पैथोलॉजी लैब इन दिनों भारी दबाव में काम कर रही है। रोजाना बड़ी संख्या में मरीजों के सैंपल आने से जांच व्यवस्था चरमराने लगी है। आलम यह है कि लैब में काम का बोझ अधिक होने की वजह से जांच सैंपल फेल हो रहे हैं।हालात यह हैं कि मरीजों को घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है और रिपोर्ट मिलने में भी देरी हो रही है। वहीं मरीजों की विभिन्न जांच रिपोर्ट समय पर नहीं मिल पा रही है, जिससे उनका इलाज भी समय से शुरू नहीं हो पा रहा है।


बताया जा रहा है कि रोजाना करीब पांच सौ से अधिक मरीजों की पैथोलॉजी में जांच के लिए सैंपल लिए जाते हैं। कई गंभीर मरीज और मरीजो के परिजन लैब के अंदर घंटों लाइनों में खड़े रहते हैं, फिर भी समय पर उन्हें जांच रिपोर्ट नहीं मिल पाती। उनका कहना है कि उन्हें रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए 1 से 2 से तीन दिन तक चक्कर लगाने पड़ते हैं।

खासतौर पर ब्लड यूरीन शुगर की जांच रिपोर्ट मिलने में भी देरी हो रही है। सैंपल की जांच रिपोर्ट भोपाल से मिलने से उनका समय पर उपचार नहीं हो पा रहा है।लेकिन पैथोलॉजी की व्यवस्था पहले की तुलना में काफी कमजोर नजर आ रही है । कई मरीजों उनके परिजनों का कहना है कि जिला अस्पताल की लैब में पर्याप्त स्टाफ और मशीन नहीं होने से और लैब की ठेकेदारी प्रथा प्रारंभ हो गई है। इसका ठेका पीओटी सिटी कंपनी भोपाल को ठेका मिला है। लैब में नई व्यवस्था लागू होने से भी उन्हें परेशानी झेलना पड़ रही है। लैब में मशीनों की संख्या भी पर्याप्त नहीं होने से कंप्यूटर के सर्व डाउन बने रहने भी तकनीकी समस्या बनीं हुई है।

इस तरह कंप्यूटर में तकनीकी दिक्कतों की वजह से जांच रिपोर्ट देरी मिलने से इलाज में थोड़ी देरी हो रही है। इसका सीधा असर मरीजों की सेहत पर भी पड रहा है। उधर जिला अस्पताल प्रबंधन के अधिकारी समस्या से अवगत कराने के बाद भी इन समस्याओं को ठोस तरीके सुधार नहीं ले रहे हैं। यदि इन समस्याओं का जल्द ही सुधार नहीं हुआ तो समस्याएं और बढ़ सकती है।

बता दें कि जिला स्वास्थ्य महकमे द्वारा जिला अस्पताल की लैब में बायोमैट्रिक डायग्नोस्टिक पीओ टी सिटी कंपनी भोपाल के सहयोग से जिला अस्पताल में सेंट्रल लैब शुरू होने से सभी तरह के गंभीर रोग जैसे कैंसर हृदय रोग, हारमोंस विटामिन कल्चर आदि सहित 300 तरह की बीमारियों की जांचें की जा रही हैं।

जांच रिपोर्ट निशुल्क होने के साथ ही कंप्यूटराइज्ड होती है, लेकिन रिपोर्ट में लेट लतीफी काफी दिनों से बनी हुई है। इसलिए मरीज को जांच रिपोर्ट तुरंत नहीं मिल पाती।



### मशीन में एक बार में 98 जांच रिपोर्ट डालने के बाद हो जाती है लॉक

पैथोलॉजी लैब से जांच रिपोर्ट देरी से आने की मुख्य वजह लोड अधिक होना है। मशीन में एक साथ 98 वे सैंपल डाले जाते हैं। इसके बाद यह मशीन ऑटोमेटिक लॉक हो जाती है और जांच रिपोर्ट तैयार होने तक बंद रहती है। इस पूरी प्रक्रिया में डेढ़ से दो घंटे का समय लग जाता है। वहीं लैब में कर्मचारियों की भी कमी बनीं हुई है। यही बड़ी वजह है कि जांच रिपोर्ट मरीजों को देरी से मिल रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रोजाना करीब एक हजार से अधिक सैंपल जांच के लिए लैब में पहुंच रहे हैं। जबकि उपलब्ध संसाधन इसके मुकाबले काफी कम हैं।

### स्टाफ और मशीनों की कमी बनी बड़ी वजह

जिला अस्पताल प्रबंधन के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक लैब में तकनीकी स्टाफ की संख्या कम है, वहीं मशीनें भी जरूरत के अनुसार उपलब्ध नहीं हैं। कई बार मशीनों में तकनीकी खराबी आने से जांच प्रक्रिया और धीमी हो जाती है।

मरीजों का कहना है कि सुबह से ही लैब के बाहर लाइन में लगने के बाद भी उन्हें समय पर जांच नहीं मिल पा रही। कई बार तो रिपोर्ट मिलने में दो से तीन दिन का समय लग जाता है, जिससे इलाज में देरी हो रही है। खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और गंभीर मरीजों को अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। एक सौ एक तरह की जांच जिला अस्पताल में बाकी की जांच कंपनी भोपाल से करवा कर बुलाती है।

### इनका कहना है

जिला अस्पताल में रोजाना पांच से ज्यादा मरीजों के सैंपल टेस्टिंग के लिए भेजे जा रहे हैं। ऑटोमैटिक मशीन में 98 मरीजों की रिपोर्ट तैयार होने में समय लग जाता है। क्योंकि सैंपल जब इकट्ठे हो जाते हैं। तभी जांच प्रक्रिया की जाती है। हालांकि मरीजों को उसी दिन रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

**- डॉ. यशपाल सिंह बाल्यान,** सिविल सर्जन। जिला अस्पताल रायसेन।

### ऑटोमैटिक मशीनें फिर भी राहत नहीं

लैब के प्रभारी अंकित गुर्जर ने बताया कि लैब में कुछ जांचें ऑटोमैटिक मशीनों से की जा रही हैं, लेकिन अधिक सैंपल आने के कारण इनका भी पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा। एक साथ सीमित सैंपल प्रोसेस होने से बाकी मरीजों को इंतजार करना पड़ता है। लैब में बायोमेस्ट्रीक एनालाइजर, हेमेटोलॉजी एनालाइजर, एचपी एलसी मशीन, इम्यूनोसी एनालाइजर, कोगुलो मीटर मशीने स्थापित है। यहां पर लगाई गई सभी मशीनें ऑटोमेटिक है, फिर भी जांच रिपोर्ट समय पर नहीं मिल पाती।

### प्रशासन से सुधार की उठाई मांग

मरीजों और उनके परिजनों ने जिला प्रशासन से लैब व्यवस्था में सुधार की मांग की है। उनका कहना है कि स्टाफ बढ़ाया जाए और नई मशीनें लगाई जाएं, ताकि जांच रिपोर्ट समय पर मिल सके और मरीजों को राहत मिले।

# अधिकारियों के अपडाउन से विकास कार्य हो रहे प्रभावित

## मुख्यालय से नदारद रहते हैं एई, एपीओ

भ्रष्टाचार चरम पर, अधिकारी नहीं करते मॉनिटरिंग और न ही कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

जनपद पंचायत गैरतगंज में इन दिनों शासकीय धन की होली खेली जा रही है। निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार का आलम यह है कि नियमों को ताक पर रखकर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। इस पूरी धांधली के पीछे सबसे बड़ा कारण मॉनिटरिंग अमले की लापरवाही और मुख्यालय से उनकी दूरी है।

जानकारी के अनुसार, जनपद के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी और सहायक यंत्री स्वयं अपने निर्धारित मुख्यालय पर रहने के बजाय 100 किलोमीटर दूर भोपाल से 'अप-डाउन' कर रहे हैं, जिसका सीधा खामियाजा क्षेत्र के विकास कार्यों को भुगतना पड़ रहा है।

सूत्रों के मुताबिक, भोपाल से आने के कारण अधिकारी महोदय के कार्यालय पहुंचने का कोई निश्चित समय नहीं है। वे कभी दोपहर 12 बजे तो कभी 1 बजे ऑफिस पहुंचते हैं। जब जिम्मेदार तकनीकी अधिकारी ही दिन का आधा समय सफर में बिता देते हैं, तो उनके पास पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांचने का समय ही नहीं बचता। इसी बात का फायदा उठाकर ठेकेदार और निर्माण एजेंसियां धड़ल्ले से मानकों का उल्लंघन कर रही हैं।

### रेत की जगह डस्ट और घटिया ईंटों की दीवारें

अधिकारियों की अनुपस्थिति का असर ग्राउंड लेवल पर साफ दिखाई दे रहा है। जनपद की विभिन्न पंचायतों में बन रहे पंचायत भवनों में बालू रेत की जगह पत्थर की डस्ट का इस्तेमाल किया जा रहा है। इतना ही नहीं, दीवारों के निर्माण में दोयम दर्जे की घटिया ईंटें लगाई जा रही हैं। सीसी रोड के निर्माण में भी तकनीकी मापदंडों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

बड़ा सवाल यह उठता है कि जब मॉनिटरिंग अमला मौके पर पहुंच ही नहीं रहा, तो इन कार्यों के मूल्यांकन और भुगतान की प्रक्रिया कैसे पूरी की जा रही है ?

### जांच करवाती हूं

उपयंत्री और सहायक यंत्री को बोलकर जांच करवाती हूं, अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई के लिए लेख किया जाएगा।

**- पूजा जैन,** सीईओ, जनपद पंचायत गैरतगंज।

# प्रत्येक व्यक्ति को अपने आचरण और कर्मों के प्रति सजग रहना चाहिए: कथा वाचक पं.शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

अंचल के ग्राम देवरी मढिया में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जो क्षेत्र में आध्यात्मिक जागरण का केंद्र बन गया है। मंगलवार को चतुर्थ दिवस कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा वाचक पंडित भूपेंद्र ने अपनी ओजस्वी वाणी और मधुर प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



कथा के दौरान पंडित भूपेंद्र ने श्रीमद् भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए मानव जीवन के मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कर्म और उसके परिणामों की गहन व्याख्या करते हुए नर्कों का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने आचरण और कर्मों के प्रति सजग रहना चाहिए, क्योंकि हर कर्म का फल अवश्य मिलता है। उनके विचारों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आत्मचिंतन के लिए प्रेरित किया और जीवन को सही दिशा में ले जाने का संदेश दिया।

# संत शिरोमणि सेन महाराज की सेन समाज ने मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मंगलवार को जिला सेन समाज समिति द्वारा संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726वीं जन्म जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम संत शिरोमणि सेन जी महाराज को पुष्प माला एवं तिलक लगाकर वह दीप प्रज्वलित कर सेन जी महाराज की आरती की गई।

इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रति. जमना सेन, डॉ लक्ष्मी नारायण



सराठे, राधेश्याम सराठे, राकेश सराठे, कैलाश सेन, जिला अध्यक्ष बालकिशन सेन, राजू सेन, ब्रज सेन, ओमकार सेन, सेन समाज नगर अध्यक्ष अवंती सेन, कल्याण सेन, धर्म, सोनू सहित सेन समाज समिति के लोग उपस्थित रहे।

# सिलेंडर में लीकेज से कच्चे घर में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर/दीवानगंज

सांची विकासखंड के ग्राम सरार में सोमवार रात करीब 9 बजे घरेलु गैस सिलेंडर के रेगुलेटर से गैस रिसाव होने के कारण एक कच्चे मकान में अचानक आग लग गई। घटना के समय घर में मौजूद लीलाकृष्ण मीना खाना बना रहे थे, तभी गैस लीक होने से आग भड़क उठी। लीलाकृष्ण ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। स्थिति बिगड़ती देख उन्होंने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई।

इसी दौरान गांव के युवक सुरेंद्र मालवीय ने बहादुरी दिखाते हुए जलते हुए घर में घुसकर गैस सिलेंडर को बाहर फेंक दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। इसके बाद ग्रामीणों ने मिलकर आग पर काबू पाया। हालांकि



इस घटना में घर का सारा सामान कपड़े, बिस्तर, कूलर, पलंग सहित छप्पर जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की सुविधा नहीं होने के कारण ऐसे हादसों में नुकसान बढ़ जाता है।

# पंचायत भवन में डॉ अंबेडकर की श्रद्धा से मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत दीवानगंज में मंगलवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बाबा साहब के चित्र पर फूल-माला अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि और अधिकारी, ग्रामीण शामिल हुए।

कार्यक्रम के बाद आयोजित ग्राम सभा बैठक में सरपंच गिरजेश नायक द्वारा पंचायत के विकास कार्यों से संबंधित एजेंडा पढ़कर सुनाया। बैठक में विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और ग्रामीणों से सुझाव भी लिए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ कमल सिंह




सोलंकी एवं सांची जनपद सीईओ शंकर नामदेव पांसे की उपस्थिति रहे, जिन्होंने ग्राम विकास और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

हालांकि, ग्रामसभा में पशुपालन विभाग, एएनएम और स्वसहायता समूह के कर्मचारियों की अनुपस्थिति चर्चा का विषय बनी रही, जिससे संबंधित मुद्दों पर विस्तार से बात नहीं हो सकी।

# भाजपा का दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली।

पं. दीनदयाल प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत बरेली में दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिन भाजपा के 4 मंडलों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं को नेताओं द्वारा अलग-अलग सत्रों में प्रशिक्षण दिया। वक्ताओं में पदाधिकारियों के साथ क्षेत्र के विधायक व राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल उपस्थित रहे।

भाजपा नगर मंडल, ग्रामीण के साथ खरगौन एवं भारकच्छ कला मंडलों के सेंकड़ों कार्यकर्ताओं की प्रशिक्षण के दौरान उपस्थिति रही। भाजपा नेता हरनाम सिंह राजपूत, मेहरवान सिंह राजपूत, जनपद अध्यक्ष श्रीमति प्रभा पटैल और भागचंद उइके की अध्यक्षता में हुए 4 सत्रों में पंकज जोशी प्रदेश प्रभारी

### वक्ताओं और नेताओं ने अलग-अलग सत्रों में दिया प्रशिक्षण




प्रशिक्षण अभियान, राकेश शर्मा जिला अध्यक्ष भाजपा, जिला संगठन प्रभारी राजो मालवीय, जीवन पाल, राम नंद वंशी एवं राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने अलग-अलग मंडलों के अलग-अलग सत्रों में अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण शिविर का वन्दे मातरम पूर्ण गायन और चित्रों पर माल्यापर्ण, दीप जला कर शुरुआत प्रशिक्षण सत्रों में भाजपा के नेताओं, वक्ताओं द्वारा भाजपा की रीति नीति, कार्यपद्धति, बूथ प्रबंधन और राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

भाजपा कार्यकर्ताओं के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आज बुधवार 15 अप्रैल को समापन होगा। समापन दिवस पर कार्यकर्ताओं को आईटी और सोशल मीडिया जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## जनपद सदस्य भी रह चुके राय

# खरगौन के पूर्व सरपंच तुलसी राय का निधन, छाया शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

तहसील के ग्राम खरगौन के पूर्व सरपंच, पूर्व जनपद सदस्य बयोवृद्ध तुलसीराम राय का बीमारी के उपचार के दौरान भोपाल में निधन हो जाने से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सरल, सहज, मधुर व्यवहार के साथ धार्मिक कार्यो, मंदिर, धर्म शालाओं के निर्माण में अहम भूमिका निभाने के कारण स्व. राय को कल्चुरी रत्न और दानवीर भी कहा जाता था।



स्व. तुलसी राम राय ने ग्राम खरगौन में नदी किनारे श्रीराम जानकी मंदिर का निर्माण कराया, शा. प्राथमिक स्वा. केन्द्र के लिए भूमि दान की। पेयजल टंकी का निर्माण कराया। तुलसी धर्मशाला बनवाने के साथ नर्मदातट अलीगंज में धर्मशाला और नर्मदा मंदिर का निर्माण भी कराया। स्व. राय धार्मिक, सामाजिक कार्यो में हमेशा सक्रिय और आर्थिक सहयोग करने अग्रणी बने रहते थे। 87 वर्षीय तुलसी राम राय के अचानक निधन हो जाने से शोक बना हुआ है। खरगौन के सरपंच, जनपद सदस्य रहते हुए ग्राम विकास के कार्यो में उनका योगदान भी रहा।

रैली में गूंजे नारे- पॉलिथीन हटाओ, धरती बचाओ

# शहर को पॉलीथिनमुक्त बनाने निकाली जन-जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर को स्वच्छ और पॉलिथीन मुक्त बनाने के उद्देश्य से मंगलवार सुबह नगर पालिका के तत्वावधान में डॉ राधाकृष्णन मेमोरियल स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने जन जागरूकता रैली निकाली। रैली में छात्र-छात्राओं ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर लोगों को स्वच्छता अपनाने और पॉलिथीन का उपयोग बंद करने का संदेश दिया।

रैली का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष सविता जमना सेन एवं नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस पार्षद प्रभात चावला ने हरी झंडी दिखाकर किया। इसके बाद रैली स्कूल परिसर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से निकली। रास्ते भर छात्र-छात्राएं पॉलिथीन हटाओ, धरती बचाओ, कपड़े का बैग अपनाओ, पॉलिथीन दूर भगाओ जैसे नारे लगाते रहे।




रैली के दौरान विद्यार्थियों ने लोगों से अपील की कि वे बाजार जाते समय कपड़े के थैले का उपयोग करें और शहर को गंदगी मुक्त बनाने में सहयोग दें।

स्कूल के संचालक सैयद जावेद अहमद खान ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं।बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। यदि हर व्यक्ति अपने घर और आसपास सफाई रखे और पॉलिथीन उपयोग बंद कर दे तो शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है।

स्कूल प्राचार्य मनोज सक्सेना ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और दूसरों को भी प्रेरित करने की बात कही। रैली में शिक्षक जितेंद्र जित्तू शर्मा, हरीश सोनी, शिक्षक संघ अध्यक्ष सूर्य प्रकाश सक्सेना, राजू कुशवाहा सहित स्कूल स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## मई में 45 डिग्री पार तक पहुंचने की आशंका, लू से बचाव जरूरी

# 37 के पार तापमान: मौसम शुष्क होते ही 'हीट अटैक' शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में मौसम के शुष्क होते ही गर्मी ने अचानक तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। पिछले कुछ दिनों में दिन का तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। जिससे लोगों को तेज धूप और गर्म हवाओं का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से ही चटक धूप के कारण सड़कों पर सन्नाटा नजर आने लगा है। वहीं दोपहर के समय हालात और ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो जाते हैं।

मौसम विभाग के विशेषज्ञ डॉ एसएस तोमर के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी होगी। अप्रैल के आखिरी सप्ताह से लेकर मई महीने में पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। विशेषज्ञ डॉ तोमर का कहना है कि इस बार गर्मी का असर ज्यादा तीखा रहने की संभावना है।क्योंकि वातावरण में नमी की कमी के चलते हीट अटैक जैसी स्थितियां बनने लगी हैं।

डॉ. एमएल अहिरवार, सिविल सर्जन डॉ यशपाल सिंह बाल्यान, डॉ सौरभ जैन के मुताबिक तेज गर्मी और लू के कारण हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन और थकान जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ सकती हैं।

खासतौर पर बच्चे, बुजुर्ग और पहले से बीमार लोगों को अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है। अस्पतालों में भी गर्मी से संबंधित मरीजों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ने लगी है।

### खास बातें

- सुबह से ही चटक धूप के कारण सड़कों पर सन्नाटा नजर आने लगा है
- अप्रैल के आखिरी सप्ताह से लेकर मई महीने में पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है



### लक्षण दिखें तो तुरंत कराएं इलाज...

यदि किसी व्यक्ति को चक्कर आना, तेज सिरदर्द, उल्टी या अत्यधिक पसीना आना जैसे लक्षण दिखाई दें तो इसे नजरअंदाज न करें। तुरंत छांव में आराम दें और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर से संपर्क करें। जिला मौसम विभाग और स्वास्थ्य विभाग दोनों ने लोगों से अपील की है कि गर्मी के इस दौर में सावधानी बरतें और लू से बचाव के उपायों को अपनाएं।ताकि हीट अटैक जैसी गंभीर स्थितियों से बचा जा सके।

### दोपहर में घर से निकलने से बचें

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि सुबह 11 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। अगर बाहर जाना जरूरी हो तो सिर को टोपी चश्मों अथवा गमछे से ढककर रखें, हल्के और ढीले कपड़े पहनें तथा पानी का सेवन अधिक करें।

### गर्मी में पानी और तरल पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें

गर्मी से बचाव के लिए दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी पीना जरूरी है। इसके अलावा नींबू पानी, छाछ, लस्सी और नारियल पानी जैसे तरल पदार्थ शरीर को ठंडा रखने में मदद करते हैं। कैफीन और ज्यादा मीठे पेय पदार्थों से बचने की सलाह दी गई है।